दैनिक
न्याय साक्षी

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सहायक उप निरीक्षक झामलाल मार्को हुये पदोन्नत

**» पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर दी उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नित**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी जूटमिल में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ झामलाल मार्को को आज दिनांक 16.07.19 को पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार अग्रवाल एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा द्वारा कार्यालय में सउनि मार्को के दोनों कंधों पर एक और स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नित दिया गया। इस दौरान टी.आई. जुटमिल अंजना केरकेट्टा तथा कार्यालयीन स्टाफ मौजूद थे। सभी ने उप निरीक्षक झामलाल को पदोन्नित पर शुभकामनाएं दिये । श्री झामलाल मार्को को यह पदोन्नित कुछ वर्ष पहले मिल जानी थी किन्तु विभागीय प्रक्रिया के तहत इसमें समय लगा।

### छाल पुलिस के हाथ आया मोटर सायकल चोर, चोरी की एक मोटर सायकल बरामद

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम पीढ़ियां थाना करतला जिला कोरबा निवासी बृजलाल राठिया उम्र 35 साल दिनांक 18.05.19 को थाना छाल में उसकी मोटर सायकल सीजी13 एएक्स- 6287 दिनांक 16.5.19 को छाल शराब दुकान के पास से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया था। छाज पुलिस द्वारा चोरी के रिपोर्ट पर अप.क्र. 81/19 धारा 379 अज्ञात आरोपी के विरूद्ध दर्ज कर माल मुल्जिम की पतासाजी की जा रही थी। रिपोर्टकर्ता द्वारा बताये अनुसार छाल पुलिस के द्वारा शराब भट्टी के सीसीटीवी फुटेज देखा गया, फुटेज़ में संदेही आधा-अधूरा दिख रहा था , जिसके हुलिया अनुसार छाल पुलिस द्वारा आरोपी की पतासाजी की जा रही थी दिनांक 15.7.19 को संदेही पुनः शाराब लेने भट्टी आया हुआ था जिसे संदेह पर पूछताछ किया गया। संदेही ने उक्त बाइक को चुरा कर कुनकुरी में अपने घर में छुपा कर रखना बताया जिस पर छाल पुलिस की टीम आरोपी अमरनाथ टोपवार पिता विजय टोपवार उम्र 23 पता ग्राम धुमाडांड थाना कुनकुरी जिला जशपुर से उक्त चोरी की बाइक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में नशे की हालत में चोरी करना बताया और इसके अलावा अन्य कोई बाइक चोरी नहीं करना बताया है।

# घरघोड़ा में हुए अंधे कत्ल का खुलासाः नवविवाहिता की हत्या के मामले में मृतिका का पिता व चचेरा भाई गिरफ्तार

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** क्षणिक आवेश में घुस्सैल पिता ने पत्थर से गर्दन में चोट पहुंचाने के बाद नाक, मुंह दबाकर हत्या की थी। हत्या करने के बाद भतीजा के साथ मिलकर शव को फंदे पर लटकाकर आत्महत्या का स्वरूप दिया था। थाना घरघोड़ा अन्तर्गत ग्राम घरघोड़ी में नवविवाहिता के हत्या के मामले में घरघोड़ा पुलिस द्वारा मृतिका के पिता व चचेरे भाई को गिरफ्तार किया गया है।

दिनांक 13.07.19 को थाना घरघोड़ा में थाना के मर्ग क्र. 46/19 धारा 174 जा.फौ. के मृतिका जानकी उरांव पति कन्हैया उरांव उम्र 22 वर्ष सा. तराईमाल थाना पूंजीपथरा के मर्ग जांच पी.एम. रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 128/19 धारा 302,201 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

मृतिका के मृत्यु के संबंध में दिनांक 30/06/19 के सुबह थाना घरघोड़ा में मृतिका के पिता सुन्दर उरांव पिता स्वं मंगलू उरांव उम्र 45 वर्ष निवासी घरघोडी द्वारा अपराध से बचने और पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से मर्ग इंटीमेंशन दर्ज कराया कि इसकी लडकी जानकी उरांव दिनांक 29/06/19 के शाम को घर आयी थी ,जिसका शव दिनांक 30/06/19 को सुबह गांव के मरघट के बर पेड डाल में फांसी पर लटका हुआ मिला। सुन्दर उरांव ने यह भी बताया कि मृतिका इसकी बेटी को उसका दमाद कन्हैया उरांव शराब पीकर मारपीट करता था। घारघोड़ा पुलिस ने पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त कर दिनांक 13.07.19 को अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 128/19 धारा 302,201 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

मामले की शुरूवाती जांच पूछताछ में मृतिका के वारीसान पुलिस को उलझाने के लिए हत्या का संदेह मृतिका के पति व ससुरालवालों पर व्यक्त किया जा रहा था। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक चमन सिन्हा व उनकी टीम द्वारा मामले की हर पहलुओं पर जांच की जा रही थी किन्तु सफलता से कुछ दूर थी।

पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा भी मामले के विवेचक को मार्गदर्शन दिया जा रहा था तथा एस.डी.ओ.पी. धरमजयगढ़ भी प्रकरण को अपने सुपविजन में रखकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश थाना प्रभारी घरघोड़ा को दिये। इसी बीच घरघोड़ा टी.आई. श्री चमन सिन्हा को मृतिका के घर आसपास रहने वालों ने बताया कि जिस दिन मृतिका घर आयी थी उस रात्रि दोनों बाप-बेटी के बीच झगड़ा सुनायी दिया था। इस संबंध में जब घरघोड़ा पुलिस ने जब मृतिका के वारिशानों से पूछताछ किये तो वे मौन हो गये , जिसके बाद एक-एक कर सभी से पूछताछ किया गया तो घटना का खुलासा हुआ। मृतिका के पिता सुन्दर उरांव ने बताया कि दिनांक 29.06.19 को जानकी घर आयी थी रात में जानकी किसी और लडके के साथ मोबाईल पर बात कर रही थी जिसे मना किया तो नहीं मानी और बोली कि इसी लड़के के साथ रहना चाहती हूं जिस पर विवाद बढ़ा और दोनों में झगड़ा मारपीट हुआ तब पास पड़े तंबाकू पीसने वाले पत्थर से जानकी के गर्दन में मारा और एक हाथ से उसका नाक व मुंह को दबा दिया था जिससे उसकी मृत्यु हो गई। उसके बाद अपने भतीजे रोहित उरांव पिता पटलु उरांव उम्र 30 वर्ष को बलाया और उसके साथ गांव के मरघर में जाकर मरघट में पड़े किसी शव के सुती कपडे से जानकी को पेड़ पेड़ में फांसी पर लटका दिये। आरोपियों के कबूलनामे के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया तथा प्रकरण में धारा 34 भादंवि जोडी गई है।

उक्त प्रकरण का खुलासा करने में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक चमन सिन्हा, उप निरीक्षक एडमोन खेस, आरक्षक उद्धव पटेल, दिल कुमार और महिला आरक्षक गायत्री यादव की सराहनीय भूमिका रही है।

## मैजिक वाहन में ओडिसा से चोरी की डीजल लाते एक आरोपी को पकड़ाया

**» आरोपी से 400 लिटर डीजल और टाटा मैजिक वाहन जप्त, आरोपी रिमांड पर**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना पुसौर में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक रमेश शर्मा को मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति टाटा मैजिक वाहन पर चोरी की डीजल उड़ीसा से बिक्री करने पुसौर की ओर ला रहा है जिस पर सउनि रमेश शर्मा द्वारा हमराह स्टाफ के साथ बोरोडिपा चौक के पास नाकेबंदी किये और संतोष राऊत पिता जोगिय राऊत उम्र 35व र्ष निवासी कतरबोग थाना रेंगाली जिला झारसुगुड़ा को वाहन टाटा मेजिक एक्सप्रेस नंबर ओडी 15 आई- 2315 को पकडे। जिसके वाहन अंदर 10 जरिकेन में डीजल रखा हुआ था। संतोष राऊत डीजल एवं गाडी के कागजात मौके पर पेश नहीं कर पाया जिससे डीजल चोरी का होने के संदेह पर आरोपी संतोष राऊत के कब्जे से 400 लीटर डीजल 10 जरिकेनों तथा वाहन टाटा मेजिक एक्सप्रेस कुल कीमती 4 लाख 20 हजार की जप्ती की गई तथा आरोपी के विरूद्ध इस्तगासा क्रमांक 02/ 19 धारा 41(1+4) सीआरपीसी/379 आईपीसी के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है।

### सहायक ग्रेड-3 संदीप कुमार श्रृंगी तत्काल प्रभाव से निलंबित

**रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने जिला कार्यालय रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 (परिवीक्षा) संदीप कुमार श्रृंगी को कई लोगों को नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर लाखों रुपए की ठगी करने की शिकायत पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

## बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, दो घायल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जूटमिल चौकी क्षेत्र स्थित छातामुड़ा बाईपास के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है वहीं 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गये हैं जिन्हे डॉयल 112 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद मृतक का सर भी धड़ से अलग हो गया हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज रात करीब 9.30 के आसपास यह घटना घटित हुई है। जब छातामुड़ा बाईपास की ओर से एक ट्रक क्र. एमएच 18 बी जी 9297 कबीर चौक जूटमिल की ओर आ रहा था और वहीं कबीर चौक की ओर से बाइक क्र. सीजी 13 एक्स 4939 में सवार तीन युवक बाईपास की ओर जा रहे थे इसी दौरान बाइपास स्थित मिशन के पास ट्रक चालक द्वारा रास्ता भटक जाने के कारण ट्रक को मोड़ा जा रहा था कि बाइक सवार युवक ट्रक से टकरा गये। जिसके बाद ट्रक मिशन की दीवार तोड़ बाउंड्री के भीतर जा घुसी। मृतक की पहचान बरत लाल यादव गाताडीह सांरगढ़ के रूप में की गई है। वहीं घायलों के नाम कन्हैया यादव व आशीष यादव है। जो गांधी नगर के रहने वाले है। बताया जा रहा है कि तीनों मार्केटिंग कर वापस अपने घर गांधी नगर जा रहे थे इस दौरान यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium)
में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी
एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों क्रमशः सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वर्या श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक दृष्टि के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि
प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
Topper Students
Last Session
Tarun 90%
Yamini 98%
Shraddha 93%
Priyanka 96%
Prerna 84%
Hitendra 99%
Akanksha 90%
Geetanjali 99%
Chetna 94%
Arpita 93%
Arpita 98%
Rakesh 97%
Sejal 88%
Shiva 97%
Topper Students
Last Session
Sushant 92%
Prince 97%
Kusum 98%
Abhishek 99%
Aayush 93%
Prachi 97%
Tulika 96%
Pari 96%
Aradhya 97%
Ananya 99%
Ashish 96%
Ankita 99%
Join
CAREER...
CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक
1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से
लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी
समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़,
पुसौर, मनार, घरघोड़ा,
धरमजयगढ़,
पत्थलगांव लुड़ेग,
कांसाबेल, कुनकुरी,
जशपुर एवं आसपास
के क्षेत्रों में एजेंसी देना
है, तत्काल
संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे,
कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं.
9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480